आधुनिक भारत का इतिहास

(खंड-2)

-मणिकांत सिंह

1. लॉर्ड डलहौजी के द्वारा अधिग्रहित क्षेत्र को बढ़ते हुए कालक्रम में सजाइए -

1. सिक्किम

2. बरार

3. पंजाब

4. लोअर बर्मा

कूटः

(a) 2, 1, 4, 3 (b) 3, 2, 4, 1

(c) 3, 1, 4, 2 (d) 1, 4, 2, 3

2. डलहौजी ने अवध का विलय कुशासन के आधार पर किया। इसके लिए कौन सा/से कारण वास्तविक है/हैं-

1. अवध क्षेत्र का व्यापक आर्थिक एवं सामरिक महत्व था।
2. अवध का नवाब एक अयोग्य एवं अकुशल शासक था।
3. अवध की जनता सरकार के कुशासन से त्रस्त थी।

कूट:

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 2, 3
(d) 1, 2, 3

3. निम्नलिखित में किस क्षेत्र को डलहौजी ने व्यपगत के सिद्धांत के आधार पर मिलाया था?

1. संभलपुर
2. सिक्किम
3. नागपुर
4. सतारा

कूटः

(a) 1, 2, 4
(b) 2, 3, 4
(c) 1, 3, 4
(d) 1, 2, 3, 4

4. निम्नलिखित घटनाक्रम को बढ़ते हुए कार्यक्रम में सजाइए-

1. यान्डाबू की संधि

2. बम्बई प्रेसिडेंसी का गठन

3. मैसूर का विलय

कूटः

(a) 1, 2, 3

(b) 1, 3, 2

(c) 2, 1, 3

(d) 2, 3, 1

5. निम्नलिखित में किस/किन कारक/कारकों ने ब्रिटिश कंपनी के अंतर्गत भारतीय राज्यों के विलय को प्रोत्साहन दिया–

1. भारत में ब्रिटिश औद्योगिक पूँजीवाद के हित का संवर्द्धन।
2. ब्रिटिश भारतीय राज्यों का आधुनिकीकरण करना चाहते थे।
3. कुछ क्षेत्रों मे अपने शासक के विरूद्ध वहाँ की प्रजा ने भी ब्रिटिश की सहायता मांगी।

कूटः

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 2, 3
(d) 1, 3